समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026

# Met Gala 2025 मे İsha Ambani का दिखा रॉयल लुक, गले मे पंहना मां का शाही हार, जाने खांसियत।

Publisher

Published on 06 May 2025



**मेट गाला से कई सेलेब्स की तस्वीरे ंसोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. ंलेकिन सबसे ज्यादा चर्चे अब मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी के हो रहे है. ं**

मेट गाला 2025 से शाहरुख खान, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी के अलावा मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी का लुक भी खासा वायरल हो रहा है. अंबानी परिवार की लाडली बेटी ने इस इवेंट में प्रिंसेस बनकर एंट्री ली. लेकिन अब लुक से ज्यादा चर्चे उनके शाही हार के हो रहे हैं. जिसकी कीमत करोड़ों रुपए की बताई जा रही है.

सोशल मीडिया पर छाया ईशा अंबानी का मेट गाला लुक
ईशा अंबानी ने इस बार मेट गाला में “Tailored for U” थीम पर बेस्ड लुक कैरी किया था. इस लुक में ईशा एकदम प्रिंसेस लग रही हैं. ये ड्रेस अनामिका खन्ना ने डिजाइन की है. ईशा ने मेट गाला के लिए ब्लैक बेलबॉटम पैंट के साथ हॉल्टर स्टाइल टॉप पहना था. इस लुक को उन्होंने लॉन्ग श्रग जैकेट के साथ पूरा किया.

ईशा ने पहना मां का शाही हार
लेकिन सोशल मीडिया अब ईशा के लुक से ज्यादा उनका डायमंड नेकलेस फैंस का ध्यान खींच रहा है. ईशा ने अपने लुक को खास और स्टाइलिश बनाने के लिए अपनी मां नीता अंबानी का शाही हार पहना था. उनका नेकलेस सॉलिटेयर हार मशहूर Cartier Toussaint Necklace से इंस्पायर्ड है. खास बात ये है कि ये नेकलेस 136 कैरेट का है. इसे Queen of Holland कहा जाता है. जानकारी के अनुसार इस हार को राजा नवनगर ने बनवाया था.

इन सेलेब्स ने किया मेट गाला में डेब्यू

बता दें कि इस साल मेट गाला में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ ने अपना डेब्यू किया. तीन इस दौरान शानदार लुक में नजर आए. उनकी फोटोज भी सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. बता दें कि कियारा रेड कार्पेट पर अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई नजर आई थी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.